# सतना का हवाई अड्डा बना 'सफेद हाथी' रीवा ने बाजी मारी तो उठे सवाल!

**सतना। सतना की वर्षों पुरानी हवाई पट्टी आज भी एक बेहतर एयरपोर्ट का स्वरूप नहीं ले पाई है, जबकि इसे 'चमकाने' के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं। यह खर्च सिर्फ कागजी खानापूर्ति साबित हुआ है,क्योंकि हवाई अड्डा सही मायनों में एयरपोर्ट नहीं बन सका।**




### कब्जा, घटता रनवे और सिर्फ खोखले वादे!

सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि लंबी-चौड़ी जमीन वाला यह हवाई अड्डा अतिक्रमण और कब्जे के कारण धीरे-धीरे सिकुड़ता गया। इसके बावजूद जब करोड़ों खर्च कर रनवे बनाया गया,तो वह भी 1800 मीटर की जगह सिर्फ 1200 मीटर का ही रह गया। इसके बाद भी यहाँ के जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि जल्द ही एयरपोर्ट की लंबाई बढ़ाने का दम भरते रहे। तमाम बैठकें हुईं,मौका-मुआयना हुआ,लेकिन नतीजा 'ढाक के तीन पात' ही रहा।

### हिम्मत नहीं जुटा पाया कोई

कोई भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि कब्जे की गई जमीन से अतिक्रमण हटाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। हमेशा बातें होती रही और कहानी गढी जाती रहीं। आज स्थिति यह है कि सिर्फ बातें ही रह गई है।

### रीवा की उड़ान और सतना पर तंज

दूसरी ओर,जब पड़ोसी जिले रीवा में एयरपोर्ट बनकर तैयार हो गया और विमान की लैंडिंग भी हो गई, तो सतना के नागरिकों का सब्र टूट गया। सोशल मीडिया पर गुस्सा देखने को मिला है। स्थानीय नेताओं और अफसरों पर सोशल मीडिया में तंज कसना शुरू हो गया है।

### उपमुख्यमंत्री की तारीफ

लोग खुलकर लिख रहे हैं कि रीवा का हवाई अड्डा उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के अथक प्रयास से अति शीघ्र बनकर तैयार हुआ। श्री शुक्ल ने चुपचाप,पूरी शिद्दत के साथ अडचनों को निपटाया और काम को अंजाम दिया।

### जनप्रतिनिधियों पर सवाल

सतना के जनप्रतिनिधियों को लेकर तरह-तरह की बातें हो रही हैं कि सतना विकास से क्यों दूर रहा, जबकि यहाँ कई मंत्री हुए और कई बार भाजपा के सांसद,विधायक और महापौर भी रहे। यह घटना सतना के स्थानीय नेतृत्व की इच्छाशक्ति पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगाती है,जिसने वर्षों तक इस महत्वपूर्ण परियोजना को अतिक्रमण और उपेक्षा की भेंट चढ़ा दिया!

## खबर संक्षेप

### मैहर में सजेगा भव्य श्याम दरबार, भक्तों में उत्साह



**मैहर।** खाटू वाले श्याम की कृपा से मैहर में बुधवार 29 अक्टूबर को भव्य मधुर संकीर्तन का आयोजन होने जा रहा है।चंडी देवी मंदिर प्रांगण मैहर में शाम 8 बजे से प्रभु इच्छा तक कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें श्याम भक्ति के प्रसिद्ध भजन गायक प्रखर लोहिया (आगरा) और सौरभ पांडेय (मैहर) अपनी सुरीली प्रस्तुति देंगे।

### आल्हा तलैया मैहर में दीप अराधना का आयोजन 1 नवंबर को

**मैहर।** देव प्रबोधिनी एकादशी के पावन अवसर पर दीपों की आध्यात्मिक अनुभूति हेतु 1 नंवबर को दीप अराधना का आयोजन किया गया है। आल्हा तलैया में कार्यक्रम शाम 6:30 बजे से होगा।

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन मैहर में 15 नवंबर को



**मैहर।** मैहर की साहित्य एवं सांस्कृतिक संस्था कीर्तिमान की 44वीं प्रस्तुति 15 नंवबर शनिवार को रात्रि 8 बजे से होगी। देश के सुप्रसिद्ध मंच संचालक शशि कांत यादव (देवास) कार्यक्रम का संचालन करेंगे। कवि/ कलाकारः विनीत चौहान (अलवर),राव अजातशत्रु (उदयपुर),नदीम साद (देवचंद), सुश्री मर्णिका दुबे (सिहोर), स्वयम श्रीवास्तव (उन्नाव), लाफ्टर चैंपियन सुरेश अलबेला (कोटा), एवं हीरमणि वैष्णव (कोरबा) अपनी प्रस्तुति देंगे।

### 'ऑपरेशन प्रहार 2.0' के तहत मैहर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**मैहर।** रीवा जोन से शराब, गांजा, कोरेक्स एवं सभी प्रकार के मादक पदार्थों की समाप्ति हेतु 'ऑपरेशन प्रहार 2.0' चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य जोन के समस्त 6 जिलों को नशा मुक्त बनाना है। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन, गौरव राजपूत के निर्देशानुसार यह अभियान चल रहा है। पुलिस अधीक्षक मैहर,अवधेश प्रताप सिह ने प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिए हैं। थाना देहात पुलिस द्वारा 27-28 अक्टूबर की मध्य रात्रि बरहिया ब्रिज के पास से आरोपी विजय जयसवाल (उम्र 40 वर्ष, निवासी बरहिया, जिला मैहर) को गांजा जब्त कर गिरफ्तार किया गया।

# रीवा रोड पर जाम से निजात के लिए नए फ्लाईओवर की मांग

### मध्य भारत मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने उठाया मुद्दा

**सतना। शहर में लगातार बढ़ते यातायात के दबाव और रीवा रोड पर लगने वाले भीषण जाम की स्थिति को देखते हुए,मध्य भारत मोर्चा के जिलाध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया 'बब्बल' ने शहर में एक और फ्लाईओवर के निर्माण की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है।**



श्री भाटिया ने कहा कि रीवा रोड पर जाम की स्थिति इतनी विकराल हो चुकी है कि आमजनता को न केवल रोज़ाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है,बल्कि इस कारण सड़क दुर्घटनाओं और हादसों की संभावना भी काफ़ी बढ़ गई है।

### वर्तमान फ्लाईओवर का विस्तार और नए का निर्माण ज़रूरी

जसविंदर सिंह भाटिया ने स्पष्ट किया कि शहर में यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिए यह आवश्यक है कि वर्तमान फ्लाईओवर की लंबाई बढ़ाई जाए और इसके साथ ही एक नए फ्लाईओवर का निर्माण किया जाए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर और जनहित से जुड़े मुद्दे पर तुरंत गंभीरता से विचार किया जाए और जल्द से जल्द इसका ठोस समाधान निकाला जाए। उनका कहना है कि यह कदम शहरवासियों को रोज़-रोज़ के जाम के झंझट से मुक्ति दिलाएगा और यातायात को सुगम बनाएगा।

# ओम रिसॉर्ट पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा, पहली बार बार से शराब के नमूने लिए गए

**सतना।** जिले में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को रीवा रोड स्थित ओम रिसॉर्ट में छापा मारा। इस कार्रवाई में पहली बार न केवल किचन के खाद्य पदार्थों की जांच की गई,बल्कि रिसॉर्ट के बार से शराब (रम) के नमूने भी एकत्र किए गए। सभी नमूनों को विस्तृत जांच के लिए भोपाल की राज्य खाद्य परीक्षण



प्रयोगशाला भेजा गया है।खाद्य सुरक्षा विभाग के अभिहित अधिकारी डॉ.एलके तिवारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि किचन स्टोर में अनियमितता है। खाद्य पदार्थ खुले और बेहद अव्यवस्थित तरीके से रखे गए थे।

### दस्तावेज़ों का अभाव

उचित दस्तावेज़ीकरण का संधारण नहीं किया गया था बार में भी खाद्य पदार्थों का रख-रखाव और दस्तावेज़ों का उचित संधारण नहीं मिला। इन गंभीर अनियमितताओं के लिए रिसॉर्ट संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। टीम ने सौंफ,चना मसाला, साल्टेड मूंगफली,ग्लैस्ड करौंदा, गुलकंद और रिसॉर्ट के अपने ब्रांड 'ओम रिसॉर्ट वॉटर ग्राम पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर' के नमूने भी लिए हैं। लैब रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर एससी-एसटी-ओबीसी समाज की भव्य सभा का होगा आयोजन



**मैहर।** आगामी 15 नवम्बर 2025 को भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर एससी-एसटी-ओबीसी समाज द्वारा एक विशाल सभा एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन क्रांतिकारी बिरसा मुंडा जी की स्मृति में समाज की एकता,संघर्ष और बिरसा मुंडा जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम पंजाबी गुरुद्वारा परिसर में आयोजित किया गया है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.अमित चाचौड़ होंगे।

### मझगवां में सनसनी! नदी किनारे मिला इंसान का कटा हाथ, पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी

**सतना।** सतना जिले के मझगवां थाना क्षेत्र के पिण्डरा गांव में मंगलवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। नदी किनारे एक आवारा कुत्ते के मुंह में इंसान का कटा हुआ हाथ देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई,जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मझगवां थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कटे हुए हाथ को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने तुरंत आसपास के क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है ताकि शरीर के बाकी हिस्से या किसी अन्य महत्वपूर्ण सुराग का पता लगाया जा सके। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह हाथ किसी हत्या,दुर्घटना या अन्य किसी कारण से कटा है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं पर गहराई से जांच कर रही है। लापता व्यक्तियों की हालिया रिपोर्टों से इस मामले को जोड़ने के लिए आसपास के थानों को भी अलर्ट कर दिया गया है।

# नागौद में भीषण सड़क हादसा, बिजली के खंभे से टकराकर यात्री बस पलटी

**एक यात्री का पेट फटा**



**सतना।** मंगलवार को नागौद कस्बे में एक भीषण सड़क हादसे में अनमोल रतन ट्रेवल्स की यात्री बस बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई। यह हादसा सांदीपनी स्कूल के गेट के सामने हुआ,जब बस आमा से सतना की ओर जा रही थी। हादसे में स्कूली छात्राओं सहित करीब दर्जनभर यात्री घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज रफ्तार में थी और सड़क पर बने ब्रेकर पर उछलते ही उसकी कमानी टूट गई,जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क किनारे पलट गई। नागौद टीआई अशोक पांडे पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। बस में कुल 35 यात्री सवार थे,जिनमें से 12 लोग घायल हुए हैं और 5 को गंभीर चोटें आई हैं। दो यात्रियों की हालत अति-गंभीर बताई जा रही है,जिनमें से एक का पेट फट गया है। इन दोनों गंभीर घायलों को तत्काल सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बाकी घायलों का उपचार नागौद सिविल अस्पताल में जारी है।

# गहरा नाला कॉलेज विवादः कमरा नंबर 6 में मिला 'बेड' एनएसयूआई का ज़बरदस्त प्रदर्शन, प्राचार्य पर गंभीर आरोप





**सतना।** प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज,गहरा नाला डिग्री कॉलेज में मंगलवार को उस वक्त बड़ा विवाद खड़ा हो गया,जब नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ़ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे महासचिव आनंद पांडे के आरोपों के बाद,एसडीएम राहुल सिलाडिया और पुलिस की मौजूदगी में कमरा नंबर 6 का ताला खोला गया,जिसके अंदर एक बेड पाया गया। बेड मिलने के बाद महासचिव आनंद पांडे ने प्राचार्य,एक प्रोफेसर और एक बाबू पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर यह प्राथमिक चिकित्सा कक्ष है तो बाहर सूचना क्यों नहीं लिखी गई और यह कमरा हमेशा बंद क्यों रहता है? उन्होंने कॉलेज में व्यवस्थित रूप से बेड लगाने के पीछे 'संदिग्ध कारणों' की



आशंका जताई और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। प्रिंसिपल राय ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि बेड प्राथमिक चिकित्सा कक्ष के लिए रखा गया है,जो 'नेक के नियमों' के तहत ज़रूरी है,ताकि किसी छात्र के बीमार या बेहोश होने पर तत्काल सहायता दी जा सके।

### छात्राओं के भी गंभीर आरोप

प्रदर्शन के दौरान कॉलेज की छात्राओं ने भी महाविद्यालय प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम और पुलिस अधिकारी सीएसपी देवेंद्र सिंह चौहान और थाना प्रभारी कोलगवां संदीप सोनी मौके पर मौजूद रहे।एसडीएम ने ज्ञापन लिया और मामले में निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। इस मामले में एसडीएम राहुल सिलाडिया से संपर्क किया गया लेकिन विस्तृत बात नहीं हो सकी वह मीटिंग में थे। नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ज्ञापन पर प्रशासनिक स्तर पर जांच की जा रही है।

# भरहुत नगर में मासूम के अपहरण की नाकाम कोशिश

### टेडी बियर और कुरकुरे का लालच देकर ले जा रहा था युवक



**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र के भरहुत नगर में एक ढाई साल की बच्ची के अपहरण का प्रयास विफल हो गया। मंगलवार दोपहर रामेश्वरम मंदिर पार्क के पास एक युवक बच्ची को टेडी बियर और कुरकुरे का लालच देकर अपने साथ ले जा रहा था। मां की सूझबूझ और सतर्कता से यह बड़ी वारदात टल गई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार,भरहुत नगर निवासी गुड़िया केवट अपनी ढाई साल की बेटी को पास के पार्क में खेलने के लिए छोड़कर आसपास के घरों में काम कर रही थीं। वह घरों में बर्तन साफ करने का काम करती हैं। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक पार्क में पहुंचा। उसने बच्ची को खिलौने और कुरकुरे का लालच दिया और उसे अपने साथ ले जाने लगा।

### भीड़ जुटते ही आरोपी भाग निकला

इत्तेफाक से गुड़िया केवट की नजर युवक पर पड़ गई।वह तुरंत दौड़कर नीचे आईं और युवक से बच्ची के बारे में पूछा। युवक ने बच्ची को अपनी बताकर झूठ बोलने की कोशिश की। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। भीड़ जुटते ही आरोपी युवक बच्ची को वहीं छोड़कर भाग निकला। मां गुड़िया केवट के मुताबिक,यह युवक पिछले कुछ दिनों से इलाके में मंडराते हुए देखा जा रहा था और बच्ची से बातचीत भी करता था। फिलहाल,मोहल्ले के युवाओं ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गई है।

## खबर संक्षेप



### शिक्षिका रेखा सिंह ठाकुर का हृदयघात से निधन

**पन्ना।** ज़िले के शाहनगर विकासखंड अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय रगौली में सोमवार दोपहर एक हृदय विदारक घटना हुई। शिक्षिका श्रीमती रेखा सिंह ठाकुर (आयु 55 वर्ष) की कक्षा संचालित करते समय अचानक हृदयघात से दुखद मृत्यु हो गई। शिक्षण कार्य के प्रति समर्पित और अनुशासित व्यक्तित्व रखने वाली शिक्षिका विद्यार्थियों के बीच माँ-सा स्नेह रखती थीं। उनके निधन से शिक्षा परिवार तथा समूचे क्षेत्र में शोक की लहर है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दे।

### मार्ग पर रैंप निर्माण की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन



**पवई-** पवई के किसानों ने बाईपास मार्ग से खेतों तक पहुँच सुगम बनाने की मांग को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि पवई नगर में निर्मित बाईपास मार्ग की ऊँचाई अधिक होने के कारण बाईपास से सटे खेतों में आने-जाने के लिए कोई रास्ता नहीं छोड़ा गया है। जिससे कृषि कार्यों में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। खेतों तक कृषि यंत्र, ट्रैक्टर व अन्य वाहन नहीं पहुँच पा रहे हैं, जिससे किसानों को खेतों की देखरेख एवं फसल कटाई में परेशानी हो रही है। किसानों का कहना है कि बाईपास निर्माण के दौरान अधिग्रहित भूमि से लगे खेतों के लिए उचित मार्ग नहीं छोड़ा गया और न ही उन्हें स्वयं रास्ता बनाने की अनुमति दी जा रही है। परिणामस्वरूप खेतों में खड़ी फसलें खराब हो रही हैं तथा कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही बाईपास मार्ग पर आवश्यक स्थानों पर रैंप का निर्माण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को खेतों तक आवागमन में सुविधा मिले और कृषि कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

### कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार



**पन्ना।** उत्तर वनमंडल पन्ना अंतर्गत देवेंद्र नगर रेंज की सकरिया ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम बरचुआ शासकीय मद की भूमि है जिस पर हम ग्राम वासी लगभग साठ साल से कृषि कार्य करते चले आ रहे है। लेकिन विगत दो वर्षों से वन विभाग द्वारा बल पूर्वक कब्जा कर लिया गया है तथा हम लोगों को खेती नहीं करने दी जा रही है सरकारी जमीन ना होने से ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित कार्य जैसे खेल मैदान स्वास्थ केंद्र आंगनबाड़ी भवन आदि का निर्माण भी नहीं हो पा रहा है क्योंकि वन विभाग द्वारा जबरजस्ती कबजा कर रखा है खसरा नंबर06 रकवा 46.4600 हेक्टेयर भूमि मध्य प्रदेश शासन के नाम दर्ज-है लेकिन जबरजस्ती वन विभाग द्वारा उक्त भूमि को वन-भूमि बताया जा रहा है जबकि ग्रामवासियों के निस्तार के लिए उक्त भूमि के अलावा कोई और भूमि ग्राम में नहीं है इसलिए उक्त शासकीय भूमि ग्राम के निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक है। ग्रामवासियों द्वारा लगातार दो साल से क्षेत्र के विधायक तत्कालीन मंत्री वन मंडल अधिकारी एसडीएम तथा तहसीलदार को आवेदन दिए गए लेकिन उससे बाबजूद वन विभाग मनमानी कर रहा है जमीन को लेकर देवेंद्रनगर तहसील दार द्वारा सीमांकन कराने के निर्देश दिए थे लेकिन वन विभाग द्वारा सीमांकन प्रक्रिया में भाग नहीं लिया। स्थानीय निवासी रणधीर सिंह यादव सहित अन्न ग्रामवासियों कल्याण सिंह भागवत दीन मनोज जगदीश सीताराम हेतराम यादव मस्तराम यादव सूर्य प्रताप वीर सिंह जीतेंद्र सिंह कौशल सिंह सीताराम देव सींग रमेश प्रसाद दुर्जन सिंह आदि ने उक्त जमीन ग्रामवासियों के निस्तार देने तथा वन विभाग का कब्जा हटाए जाने की मांग की है।

#### इनका कहना है-

संबंधित खसरा नंबर 6 वन विभागके अंतर्गत ही है कुछ लोगों द्वारा जबरदस्ती कब्जा करके खेती की जा रही थी जिसे हटाया गया है तथा उस पर प्लांटेशन किया जाना है।

**शुभम तिवारी वन परि क्षेत्राधिकार देवेंद्रनगर**

### कलेक्टर की जनसुनवाई में आए 35 आवेदन

**पन्ना।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 35 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और तत्परता से समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर ऊषा परमार ने जनसुनवाई की ।

## निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026

# 7 फरवरी को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

### राजनैतिक दलों की बैठक में दी गई जानकारी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार राज्य में प्रथम चरण में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद अब द्वितीय चरण में मध्यप्रदेश सहित 12 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण कराने का निर्णय लिया गया है।



**पन्ना।**

इस संबंध में गत सोमवार को पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत घोषणा की गई है तथा प्रत्येक स्तर पर निर्धारित कार्यक्रम मुताबिक वांछित गतिविधियां संपादित कराने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। इस क्रम में पन्ना जिले में भी एक जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण की कार्यवाही की जाना है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया और प्रश्नों व शंकाओं का समाधान कर लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध मतदाता सूची बनाने के कार्य में आवश्यक सहयोग की अपील की। साथ ही उपस्थितजनों से सुझाव प्राप्त कर अनिवार्य रूप से बूथ लेवल एजेंट की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने की अपेक्षा भी की। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत सभी वांछित कार्यवाहियां समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों सहित अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को पाबंद किया गया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 22 वर्ष बाद मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण होगा। वर्ष 2003 के उपरांत निरंतर संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्यवाही पूर्ण की गई है। बताया गया कि देश में वर्ष 1951 से 2004 तक 8 बार गहन पुनरीक्षण की कार्यवाही की जा चुकी है। इस दौरान विभिन्न कारणों से मतदाता सूची में कई परिवर्तन हुए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती परमार ने कहा कि निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय अपील की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। इस प्रक्रिया में ईआरओ एवं एईआरओ द्वारा प्रत्येक मतदाता के लिए 27 अक्टूबर 2025 की स्थिति में विशिष्ट गणना प्रपत्र तैयार किया जाएगा। इसमें वर्तमान मतदाता सूची में शामिल आवश्यक जानकारी का समावेश होगा।

न्यूनतम तीन बार मतदाता के घर पहुंचेंगे बीएलओ-जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि बीएलओ द्वारा एसआईआर प्रक्रिया के दौरान घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण किया जाएगा। बीएलओ मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए नए मतदाता से फॉर्म 6 और घोषणा पत्र एकत्र कर मिलान और लिंकिंग में सहायता करेंगे। साथ ही मतदाता को ईएफ भरने में मदद भी की जाएगी। बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक मतदाता के घर का कम से कम तीन बार दौरा करेंगे। मतदाता विशेषकर शहरी मतदाता या अस्थायी प्रवासी ऑनलाइन ईएफ भी भर सकते हैं। बीएलओ द्वारा मृत, स्थाई रूप से स्थानांतरित तथा एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान की जाएगी। गणना चरण के दौरान ईएफ के अलावा कोई अन्य दस्तावेज एकत्र करने की आवश्यकता नहीं है। मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 तथा सुधार या स्थानांतरण के लिए फॉर्म 8 भरा जा सकता है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे ने बताया कि गणना चरण में बीएलओ, ईआरओ इत्यादि का आवश्यक प्रशिक्षण भी होगा। राजनैतिक दल के पदाधिकारी द्वारा बीएलए को भी आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। बीएलए भी मतदाताओं से विधिवत भरे ईएफ एकत्र कर प्रमाणित कर सकते हैं। बीएलए द्वारा अन्य निर्वाचन कार्यों में भी बीएलओ का सहयोग किया जाएगा। पुनरीक्षण के दौरान 1200 मतदाताओं की अधिकतम सीमा वाले मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण भी होगा। वर्तमान में पन्ना जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र में 931 मतदान केन्द्र स्थापित हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान वृद्ध, बीमार, दिव्यांग, गरीब मतदाताओं की सुविधा के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती भी होगी।

#### इनमें से कोई एक दस्तावेज आवश्यक-

राजनैतिक दलों की बैठक में बताया गया कि आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में सांकेतिक रूप से दस्तावेज भी निर्धारित किए गए हैं। इन दस्तावेजों में केन्द्र एवं राज्य सरकार सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के नियमित कर्मचारी और पेंशनभोगी को जारी पहचान पत्र या पेंशन भुगतान आदेश शामिल है। इसके अलावा जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, बोर्ड या विश्वविद्यालय की अंकसूची, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, राज्य या स्थानीय प्राधिकारी द्वारा तैयार परिवार रजिस्टर, सरकार द्वारा आवंटित भूमि या मकान प्रमाण पत्र और एक जुलाई 1987 से पूर्व सरकार, स्थानीय प्राधिकारी, बैंक, डाकघर, एलआईसी या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा भारत में जारी कोई भी पहचान पत्र, प्रमाण पत्र या दस्तावेज तथा 9 सितम्बर 2025 के आयोग के निर्देशानुसार बायोमैट्रिक पहचान प्रमाणन के लिए आधार कार्ड मान्य होगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम अनुसार 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक मुद्रण व प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित है। 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर-घर गणना चरण के उपरांत 9 दिसम्बर को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा, जबकि 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक दावे और आपत्ति की अवधि निर्धारित की गई है। इस दौरान 31 जनवरी तक नोटिस चरण के तहत सुनवाई और सत्यापन का कार्य भी होगा। 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। सहायक प्राध्यापक डॉ. आनंद चौरसिया द्वारा बैठक के दौरान प्रेजेन्टेशन के जरिए राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों और अधिकारियों को पुनरीक्षण संबंधी विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर एसडीएम संजय कुमार नागवंशी एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे भी उपस्थित रहे।





## बड़े धूमधाम से मनाया गया भगवान सहस्त्रबाहु जी का जन्मोत्सव

**पन्ना।** नगर के लव कुश वाटिका में हैंहय क्षत्रिय कलचुरी समाज पन्ना द्वारा 1008 राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम स्वजातीय बंधुओ द्वारा भगवान श्री सहस्त्रबाहु का पूजा अर्चन किया गया तत्पश्चात समस्त समाज के बंधुओ को परिचय हुआ जिसमें समस्त मातृ शक्ति ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया बच्चों के लिए खेल रखे गए जिसमें बच्चों और बड़ों ने सहभागिता की भाई खेल में मुख्य रूप से जिन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया उनमें निम्न पप्पू शिवहरे आनाया ओमरे आयुष्मान शिवहरे करण ओमरे पीहू शिवहरे देवशी ओमरे पूर्वी शिवहरे संगीता राय अंकित शिवहरे पीहू शिवहरे सत्यम शिवहरे को सील प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अंत में समस्त मातृशक्तियों द्वारा गरबा का आयोजन किया गया है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री दुर्गेश शिवहरे ने बताया कि भगवान सहस्त्रबाहु हजारों भुजाओं वाले थे इसलिए इन्हें सहस्त्रबाहु कार्तिकेय अर्जुन कहा जाता है श्री शिवहरे ने बताया की भगवान सहस्त्रबाहु न्याय प्रिय गोवंश को मानने वाले परम प्रतापी चक्रवर्ती सम्राट कहे जाते हैं कि अपने शौर्य और पराक्रम के बल पर भगवान सहस्त्रबाहु ने रावण को बंदी बनाकर रखा था भगवान सहस्त्रबाहु को कल्चुरी समाज के साथ साथ ताम्रकार बुनकर और अन्य कई समाजों द्वारा इनको पूजा जाता है श्री शिवहरे ने बताया की राजा कालचूर्य ने कलचुरी वंश का निर्माण किया लगभग 700 वर्ष तक नर्मदा नदी के किनारे कल्चुरी वंश राज्य किया आज भी कलचुरी शिलालेख मिलते हैं ओंकारेश्वर में आज भी भगवान सहस्त्रबाहु का बहुत बड़ा मंदिर है कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिलीप शिवहरे, किशन शिवहरे सुरेश शिवहरे नरेश शिवहरे विदित राय इंद्रपाल शिवहरे विपिन राय महेश शिवहरे नरेश शिवहरे रमेश शिवहरे सौरभु ओमरे भरत शिवहरे इंद्रपाल शिवहरे सोनू शिवहरे, चरण जायसवाल, श्रीमती संगीता राय अपूर्वा शिवहरे पूर्वी शिवहरे मीना शिवहरे, ममता शिवहरे, कशिश शिवहरे और भी लगभग 500 से अधिक लोगों ने सहभागिता निभाई।

## देवेंद्रनगर के मुख्य बाजार में दिनदहाड़े लूट, ग्राहक बनकर आया युवक, बुज़ुर्ग व्यापारी से सोने की अंगूठी छीनी

### दुकान में ग्राहक बनकर आया व्यापारी की हांथ की अंगूठी ही ले भागा

**पन्ना।**

दिन दहाड़े दुकान से ही व्यापारी की अंगूठी छीनकर भागना लूट की घटना हुई कारित। आखिर अब देवेन्द्रनगर कस्बे में अपराधियों के हांसले किस तरह से बुलंद चर्चा का विषय। दान देने की बात कहकर खुद लूट की घटना कारित की।

शांत और सौम्य माने जाने वाले देवेंद्रनगर में अब अपराधियों ने महानगरों जैसी चालाकी और योजना के साथ वारदातें शुरू कर दी हैं। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे नगर के मुख्य बाजार स्थित सोसायटी रोड के सामने बुज़ुर्ग व्यापारी पन्नालाल अग्रवाल (उम्र लगभग 75 वर्ष) के साथ दिनदहाड़े लूट की सनसनीखेज़ घटना घटी। जानकारी के अनुसार, एक अज्ञात युवक ग्राहक बनकर अग्रवाल जी की दुकान में पहुंचा। पहले उसने एक



टेबल दिखाने को कहा और उसका रेट पूछा। इसी दौरान उसने बातचीत में कहा कि वह किसी मंदिर में 2100 का दान देना चाहता है और अग्रवाल जी से अनुरोध किया कि "आप यह राशि किसी मंदिर में मेरे नाम से दे दीजिए।" इस बहाने उसने उन्हें बातों में उलझाया और विश्वास में लिया। फिर अचानक मौका पाकर अग्रवाल जी के हाथ से लगभग 50 से 60 हजार कीमत की सोने की अंगूठी छीनी और धक्का देकर बाहर खड़े अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से फरार हो गया। अग्रवाल जी बीमार हैं और उनकी आयु लगभग 75 वर्ष है। वे अकेले दुकान पर बैठे थे। उनके बेटे सोनू अग्रवाल ने बताया, "हमारे लिए यह संतोष की बात है कि पिता जी को कोई गंभीर चोट नहीं आई, वरना हादसा बड़ा हो सकता था।" सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और मुख्य बाजार से लेकर पूरे नगर के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू किया। जांच में सामने आया कि अपराधी ने हर कैमरे के सामने से गुजरते समय अपना चेहरा दूसरी ओर घुमा लिया।

इससे यह स्पष्ट होता है कि उसने पहले से इलाके के कैमरों की स्थिति देख रखी थी और पूरी योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। थाना प्रभारी ने बताया, "पुलिस पूरी मुस्तैदी से जांच में जुटी है। उपलब्ध फुटेज और स्थानीय सूत्रों के आधार पर अपराधी की पहचान की जा रही है। बहुत जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।" स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता की सराहना की है, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को ठोस सुरक्षा व्यवस्था बनानी चाहिए। नागरिकों का कहना है कि देवेंद्रनगर में सीसीटीवी कैमरे तो लगे हैं, पर उनकी निगरानी, नियमित जांच और रखरखाव पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि अपराधियों के नेटवर्क की गहन जांच कर अपराधों पर नकेल कसने के लिए सख्त रणनीति अपनाई जाए।

## सब्जी उत्पादन कर सोमवती दीदी बनी लखपति दीदी





**पवई।**

यह कहानी है विकासखंड पवई के खजुरूट गांव में रहने वाली सोमवती कुशवाहा की। सोमवती कुशवाहा एवं उनके पति दोनों लोग खेती के साथ-साथ मजदूरी करते थे मजदूरी एवं खेती से होने वाली आमदनी से बमुश्किल दो बच्चों के साथ परिवार का भरण पोषण करते थे। म0प्र0डे0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिषन से ग्राम में बनने वाले समूहों से प्रेरित होकर उसने समूह में शमिल होने का इरादा बनाया इसके बाद अपने मुहल्ले की अपनी जैसी महिलाओं को जोड़कर समूह गौरैया समूह का गठन किया। गठन पश्चात सभी ने श्रीमती सोमवती को समूह का अध्यक्ष बनाया सोमवती समूह में जुडकर बहुत खुश थी। सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र पन्ना में सोमवती ने 07 दिवसीय कृषि सखी का प्रशिक्षण प्राप्त कर कृषि सखी का काम शुरू किया है सबसे पहले उसने अपने यहां सब्जी का उत्पादन शुरू किया सब्जी की लागत कम करने के लिये उसने भू-नाडेप खाद, मटका खाद तैयार कर खेत में डालना शुरू किया तथा जैविक कीटनाषक नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र तथा अग्निआस्त्र का उपयोग करते हुए जैविक सब्जी उत्पादन किया।, सोमबती बाई बताती है'' मैने स्वंय जैविक खाद, कीटनाषक दवाई का उपयोग किया है और अब मैं जैविक सब्जी उत्पादन करके हाट-बाजार मे बैचती हूँ मेरी सब्जी बाजार में सबसे जल्दी बिक जाती है'' । जो लोग मेरी सब्जी लेकर जाते हैं वो मुझसे से सब्जी खरीदते हैं एवं मेरे पक्के ग्राहक बन गये है और बताते है कि आपकी सब्जी स्वाद मे बहुत ही अच्छी है, सब्जी कहा की है, कैसे उत्पादन करती हो। तब सोमवती बताती है कि यह सब्जी जैविक तरीके से उगाई गई है इसमे गाय का गोबर, गौमूत्र, नीम के पत्ते एवं मटठा के द्वारा जैविक खाद, कीटनाषक दवाइयों का उपयोग कर सब्जी का उत्पादन किया जाता है जिसे जैविक सब्जी उत्पादन कहा जाता है। आज सोमवती व्यवसायिक रूप से जैविक सब्जी का उत्पादन कर रही है जिससे उन्हें मासिक आमदनी रू 18000 रूपये से अधिक हो रही है। सोमबती बाई बताती है की ''मैं बहुत खुश हूँ तथा मैं अपनी बेटी को कक्षा सातवीं में प्राइवेट स्कूल में पढ़ा रही हूँ एवं अन्य महिला कृषको को भी जैविक खेती करने हेतु प्रेरित करती हूँ''। सब्जी उत्पादन के अतिरिक्त सोमवती द्वारा पशुपालन एवं पिकअप वाहन भी खरीदा गया जिससे वह माल वाहन के रूप में कार्य किया जा रहा है। सोमवती बाई की वार्षिक आमदनी.: सोमवती दीदी सब्जी उत्पादन से वार्षिक आय 1,08,000 कृषि सखी ड्राईव से 16000 - 20000 माल वाहन से 60000 कुल 188000 रूपये लगभग वार्षिक आय हो जाती है।



## पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों हेतु पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित एक दिवसीय सायबर जागरूकता कार्यक्रम

### सायबर कार्य हेतु संचालित विभिन्न पोर्टलों का दिया गया प्रशिक्षण

**पन्ना।**

माह अक्टूबर-2025 को सायबर जागरूकता माह घोषित किए जाने के तहत, सायबर पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में सायबर जागरूकता अभियान बृहद स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन मे पन्ना पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पन्ना में एक दिवसीय सायबर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सायबर अपराधों के प्रति जागरूकता के महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि "हमारा कर्तव्य है कि स्वयं सायबर के प्रति सतर्क और जागरूक रहें, जिससे हमारी कार्यकुशलता बढ़ेगी और हम आम नागरिकों को भी सायबर अपराधों से बचने के लिए बेहतर तरीके से जागरूक कर पाएंगे।" कार्यक्रम के दौरान सायबर विशेषज्ञ राहुल सिंह बघेल, आशीष अवस्थी धर्मेन्द्र सिंह राहुल पाण्डेय एवं नितिन नवराज द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को सायबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। विशेषज्ञों ने कहा कि आज के डिजिटल युग में जागरूक रहना ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। प्रशिक्षण सत्र में निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई- मजबूत (जतवदह) पासवर्ड का उपयोग करें।, किसी भी अज्ञात लिंक या ।च्ज्ञ फाइल को डाउनलोड न करें। अज्ञात कॉल या संदेश में प्राप्त लिंक पर क्लिक न करें।अपने व्यक्तिगत दस्तावेज या बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया पर ओवरशेयरिंग से बचें और गोपनीयता (च्तपअंबल) सेटिंग्स हमेशा सक्रिय रखें। कार्यक्रम में ।च्ज्ञ फाइल, ईजी लोन, विदेशी नौकरी के झांसे, तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर अपराधों के तरीकों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि किस प्रकार साइबर ठग आकर्षक ऑफर या डराने-धमकाने के जरिए आमजन से धन की ठगी करते हैं।

इस अवसर पर एन.सी.आर.पी. (छंजपवदंस ब्लइमतबतपउम त्मचवतजपदह च्वतजंस), सी.ई.आई.आर. (ब्मदजतंस मुनपचउमदज प्कमदजपजल त्महपेजमत) तथा संचार साथी पोर्टल के उपयोग और उनकी कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बलइमतबतपउम.हवअ.पद वेबसाइट तथा सायबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 की जानकारी भी साझा की गई एवं सायबर शपथ दिलाई गई। बताया गया कि इन सभी पोर्टलों का संचालन पन्ना जिले के सभी थानों में सक्रियता से किया जा रहा है, जिससे सायबर फ्रॉड के मामलों में नागरिकों को त्वरित सहायता मिल सके। इन पोर्टलों के माध्यम से नागरिक अपने मोबाइल गुम या चोरी होने, सायबर अपराध(वित्तीय फ्रॉड) की ऑनलाइन रिपोर्टिंग, तथा संदिग्ध संचार गतिविधियों की सूचना आसानी से दर्ज कर सकते हैं। कार्यक्रम मे रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर एवं थाना प्रभारी कोतवाली रोहित मिश्रा सहित 50 से अधिक अधिरकारी/कईमचारी उपस्थित रहे। इस एक दिवसीय सत्र का उद्देश्य पुलिस बल में सायबर दक्षता का विस्तार करना और डिजिटल सुरक्षा के प्रति सामूहिक संवेदनशीलता बढ़ाना था, जिससे पन्ना पुलिस नागरिकों को सायबर अपराधों से बचाने में और अधिक प्रभावी भूमिका निभा सके।

**खबर संक्षेप**

## सड़क हादसे में मां-बेटी सहित तीन घायल



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह हुए एक सड़क हादसे में मां-बेटी सहित तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उत्तरप्रदेश के जालौन शहर की रहने वाली 25 वर्षीय तबस्सुम बानो, अपनी 5 साल की बेटी सोबिया के साथ छतरपुर के महोबा रोड पर फोरलेन ओवरब्रिज के पास मौजूद गुमटी पर चाय पी रही थी। इसी दौरान सड़क पर तेज रफ्तार में जा रहा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर बाईक से टकराते हुए तबस्सुम और उसकी बेटी से जा टकराया। दुर्घटना में तबस्सुम और उसकी बेटी के अलावा बाईक चालक दयाशंकर अवस्थी भी घायल हुए हैं। वहीं ई-रिक्शा चालक प्रदीप यादव को मामूली चोटें आई हैं। घटना स्थल के पास तैनात डायल-112 वाहन की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

## शासकीय हाई स्कूल खेरा में अतिथि शिक्षक भर्ती में गड़बड़ी का आरोप, कलेक्टर से की गई शिकायत



**छतरपुर।** शासकीय हाई स्कूल खेरा, संकुल गौरिहार में अतिथि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठे हैं। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य स्वयं प्रकाश शिवहरे पर भर्ती प्रक्रिया को फर्जी तरीके से पुनः संचालित करने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में नीलेश कुमार दीक्षित ने मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंचकर आवेदन प्रस्तुत किया और मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की। आवेदक का कहना है कि विद्यालय में अतिथि शिक्षक भर्ती में नियमों का पालन नहीं किया गया, जिससे पात्र आवेदकों के साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने मांग की है कि समूची भर्ती प्रक्रिया की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

## गढ़ी मलहरा पुलिस की कार्रवाई, 25 पेटी अवैध शराब जब्त



**छतरपुर।** अवैध शराब कारोबार के खिलाफ गढ़ी मलहरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई अंजाम दी है। थाना प्रभारी रीता सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रमनहार क्षेत्र में छापेमारी करते हुए 25 पेटी अवैध देशी शराब जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल दबिश दी, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस उसकी तलाश में लगातार जुटी हुई है। थाना प्रभारी रीता सिंह की इस कार्रवाई से इलाके के अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध कारोबार पर सख्त नज़र रखी जा रही है और ऐसे तत्वों के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी।

### कन्या महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की बैठक सम्पन्न

# महाविद्यालय के समग्र विकास करने अनेक प्रस्ताव पारित

**छतरपुर।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छतरपुर में मंगलवार को जनभागीदारी समिति की बैठक उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष कमलकांत असाटी बॉबी ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समिति की सचिव प्रो. एच.डी. अहिरवार, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी.के. दीक्षित, जनभागीदारी प्रभारी डॉ. शशिकांत अवस्थी, एवं समिति सदस्य श्रीमती उर्मिला साहू, विकास चतुर्वेदी, अवधेश यादव, बृजेंद्र सिंह तोमर, महेंद्र प्रजापति और भगवानदास विश्वकर्मा उपस्थित रहे।



### सक्रिय चर्चा, अनेक विकास प्रस्ताव पारित

बैठक में पूर्व पारित एजेंडा की समीक्षा के साथ नए प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष कमलकांत असाटी ने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल निर्णय लेना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करना है। समाज, शिक्षण समुदाय और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से ही जनभागीदारी का उद्देश्य सार्थक होता है।

समिति ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिनमें प्रमुख रहे- जनवरी 2026 में वार्षिक उत्सव का आयोजन, जिसमें छात्राओं की सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेल प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। वोकेशनल कोर्सों हेतु विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति का निर्णय, जिससे छात्राओं को रोजगारोन्मुख शिक्षा मिलेगी। समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं इतिहास में अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति को स्वीकृति दी गई। नवीन भवन के किनारे जल निकासी हेतु नाली निर्माण का प्रस्ताव पारित हुआ। पुरानी जिम को पुनः स्थापित करने का निर्णय लिया गया, ताकि छात्राएँ फिटनेस के प्रति जागरूक रहें। सभी सिविल वर्क एक साथ कराए जाने पर सहमति बनी, जिससे कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता बनी रहे। छात्राओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की गई।

### शिक्षक एवं सदस्यों की सक्रिय भागीदारी

प्राचार्य प्रो. एच.डी. अहिरवार ने कहा कि जनभागीदारी समिति महाविद्यालय के शैक्षणिक और संरचनात्मक विकास की आधारशिला है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी.के. दीक्षित ने इसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में ठोस पहल बताया। विकास चतुर्वेदी एवं श्रीमती उर्मिला साहू ने छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासों पर बल दिया। बैठक का संचालन जनभागीदारी प्रभारी डॉ. शशिकांत अवस्थी ने किया। उन्होंने सभी प्रस्तावों को सुव्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत किया और सदस्यों के विचार आमंत्रित किए। अंत में उन्होंने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

## ईशानगर में पटवारी पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**छतरपुर।** ग्राम ईशानगर के ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर तत्कालीन पटवारी विवेक उपाध्याय पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पटवारी द्वारा संपत्ति सर्वे के दौरान लगभग 150 ग्रामीणों की पैत्रिक एवं पट्टा प्राप्त भूमि गलत तरीके से अन्य व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दी गई है। कलेक्टर से की गई शिकायतकर्ता महेन्द्र राय, सफात खान सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सर्वे के समय पटवारी विवेक उपाध्याय ने मूल स्वामियों से बिना परामर्श के अपनी मनमर्जी से कई संपत्तियों को अन्य लोगों के नाम दर्ज कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस कार्य में पैसे का लेन-देन भी हुआ है, जिससे गांव में भारी असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि जब इस संबंध में पटवारी से बात की गई तो उन्होंने गैरजिम्मेदाराना जवाब देते हुए कहा कि अब संपत्तियां चढ़ चुकी हैं, इनमें कुछ नहीं किया जा सकता। जिनके नाम चढ़ गई हैं, उन्हीं से रजिस्ट्री करा लो। इस बयान से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम ईशानगर की सभी संपत्तियों का पुनः सर्वे कर मूल स्वामियों के नाम पर दर्ज कराया जाए, और दोषी पटवारी विवेक उपाध्याय के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शासन स्तर पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिससे गांव की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।



# सामाजिक कार्यकर्ता ने सहायक ग्रेड-3 पर कार्रवाई की मांग की

### कलेक्टर से की सेवा समाप्ति की मांग



**छतरपुर। नौगांव की सामाजिक कार्यकर्ता शिल्पी राय ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर पंचायतराज प्रशिक्षण केंद्र नौगांव में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 सुनील कुमार यादव पर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि सुनील कुमार यादव 20 अप्रैल 2017 से पंचायतराज प्रशिक्षण केंद्र नौगांव में पदस्थ हैं, लेकिन उनकी नियुक्ति के समय उनके पास कंप्यूटर डिप्लोमा नहीं था। उन्होंने यह डिप्लोमा नियुक्ति के एक वर्ष बाद 2018 में किया। इसके अलावा, कंप्यूटर टाइप दक्षता प्रमाणपत्र भी अब तक प्रस्तुत नहीं किया गया है।**

नियमों के अनुसार नियुक्ति के दो वर्षों के भीतर यह प्रमाणपत्र प्राप्त करना आवश्यक होता है, जिसे विशेष परिस्थिति में एक वर्ष की और बढ़ोतरी के साथ पूरा किया जा सकता है। आवेदन के अनुसार आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी सुनील यादव ने कंप्यूटर दक्षता प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किया है, जिससे उनके कार्य निष्पादन पर प्रश्न उठता है। संबंधित अधिकारी द्वारा कई बार पत्राचार कर सीपीसीटी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, साथ ही चेतावनी दी गई कि प्रमाणपत्र नहीं देने पर सेवा समाप्त की जाएगी। शिल्पी राय ने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई जानकारी से यह तथ्य सामने आया है कि आवश्यक प्रमाणपत्र प्रस्तुत न करने के बावजूद अब तक सुनील यादव की सेवा समाप्ति की कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने कलेक्टर से इस प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई करने और संबंधित कर्मचारी की सेवा समाप्ति की मांग की है।

## चुनावी रंजिश में युवक से मारपीट, पुलिस कार्यवाही न होने पर एसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित



**छतरपुर।** ग्राम तिलोहा निवासी 40 वर्षीय इंद्रपाल सिंह पुत्र जीत सिंह ने चुनावी रंजिश के चलते हुए हमले की शिकायत लेकर मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित परिवार के अनुसार इंद्रपाल सिंह का गांव के ही हरेंद्र सिंह से चुनाव को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते बीते 2 तारीख को इंद्रपाल के खेत पर एक चारपहिया वाहन से करीब आधा दर्जन लोग पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब इंद्रपाल ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी जमकर मारपीट कर दी। मारपीट की शिकायत पीड़ित द्वारा थाना सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई थी, लेकिन परिजनों का कहना है कि पुलिस ने अब तक किसी भी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। कार्यवाही न होने से नाराज होकर मंगलवार को पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय पहुंचकर आवेदन सौंपते हुए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# अज्ञात ने नवयुवक को उतारा मौत के घाट



**छतरपुर।** मंगलवार को जिले में एक बार फिर हत्या की वारदात सामने आई है। एक दिन पहले बिजावर क्षेत्र में वृद्ध की गला रेतकर हत्या की गई थी, वहीं सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात सटई थाना क्षेत्र में एक नवयुवक को गला रेतकर मौत के घाट उतारा गया है। सुबह के वक्त सूचना मिलने के बाद पुलिस अधिकारियों के साथ सटई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम नीलेश पुत्र रामकृपाल पाल है। मृतक की उम्र करीब 24 वर्ष थी और वह कटारा गांव का रहने वाला था। मंगलवार की सुबह गड़परा-कटारा मार्ग पर सड़क के किनारे नीलेश का लहूलुहान शव पड़ा मिला, जिसकी सूचना स्थानीय लोगो ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सटई थाना प्रभारी, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक अगम जैन और बिजावर एसडीओपी ने भी मौका-मुआयना कर जांच शुरु कर दी है। बताया गया है कि जिस स्थान पर नीलेश का शव मिला है, वह स्थान उसके घर से कुछ दूरी पर है। नीलेश रात को घर पर अकेला था, जबकि परिवार के अन्य लोग खेती के काम से खेत पर गए हुए थे। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### भारतपुरा के ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



वहीं दूसरी ओर एक दिन पहले बिजावर थाना क्षेत्र में हुई 70 वर्षीय वृद्ध किसान की हत्या के मामले में मंगलवार को परिजनों द्वारा भीम आर्मी के साथ बिजावर में चक्काजाम कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा तथा वरिष्ठ अधिकारियों की समझाइश के बाद परिजन शांत हुए। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पुलिस अधीक्षक द्वारा अज्ञात आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया जा चुका है और पुलिस टीमें मामले की जांच करते हुए आरोपियों की तलाश में लगी हुई हैं।

### इनका कहना है -

सुबह जानकारी मिली थी कि सटई थाना क्षेत्र के एक कटारा गांव में 25 वर्षीय नीलेश पाल नाम के व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। इसमें स्पेशल टीम का गठन कर दिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**आदित्य पटले,**
**एएसपी, छतरपुर**

## ग्रामीणों ने एसपी से की मांग, पंचायतों को बमीठा थाना क्षेत्र में ही रखने की अपील



**छतरपुर।** ग्राम पंचायत कावर, बरद्वाहा, झमटुली, ओंटापुरवा, बेडरी एवं कुटिया के सरपंचों और ग्रामीणों ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने शासन द्वारा सीलोन चौकी समाप्त कर नई चौकी झमटुली बनाने और उसे थाना सटई से जोडने के निर्णय का विरोध किया है। ग्रामीणों ने बताया कि उनकी सभी ग्राम पंचायतें पूर्व से थाना बमीठा और चौकी सीलोन के अंतर्गत आती रही हैं। इन पंचायतों की भौगोलिक स्थिति और आवागमन की दृष्टि से थाना बमीठा निकटतम है, जहां 24 घंटे पुलिस सहायता सुगमता से प्राप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि यदि इन्हें सटई थाना क्षेत्र में जोड़ा गया तो सटई की दूरी अधिक होने से ग्रामीणों को किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता नहीं मिल पाएगी और पीड़ित व्यक्ति को थाना तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि शासन चाहे तो नई झमटुली चौकी बना सकता है, लेकिन उक्त पंचायतों को थाना सटई से जोडने के बजाय थाना बमीठा में ही यथावत रखा जाए, ताकि ग्रामीणों की सुरक्षा और सुविधा बनी रहे। एसपी कार्यालय में सौंपे गए इस ज्ञापन पर सभी संबंधित पंचायतों के सरपंचों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों के हस्ताक्षर किए गए।

## जिला पंचायत सीईओ ने भगवती प्रजापति को तत्काल पेंशन स्वीकृत कराई

**छतरपुर।** जिला पंचायत सभाकक्ष छतरपुर में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में ग्राम देरी निवासी भगवती प्रजापति अपनी समस्या लेकर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उनके पति की कुछ समय पूर्व ट्रैक्टर से दुर्घटनाग्रस्त होकर दुःखद मृत्यु हो गई थी, जिससे परिवार आर्थिक संकट में आ गया है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने तत्काल मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना के अंतर्गत भगवती प्रजापति को 600 रुपये प्रतिमाह की पेंशन स्वीकृत कराई और स्वीकृति पत्र सौंपा। जिससे अब उन्हें नियमित आर्थिक सहायता प्राप्त होती रहेगी। प्रशासन की इस त्वरित कार्यवाही से लाभार्थी ने खुशी जाहिर की और शासन प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का निराकरण निरंतर प्राथमिकता से किया जा रहा है।

**अंडर-15 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट**

# दमोह और छतरपुर के बीच हुआ पूल बी का पहला मुकाबला

### ड्रॉ हुआ मुकाबला, प्रखर और ध्रुव को संयुक्त रूप से मिला मैन ऑफ द मैच





**छतरपुर।** शहर के पेप्टेक टाउन स्थित खेल मैदान में मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और सागर डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंदर-15 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पूल-बी का पहला मुकाबला मंगलवार को छतरपुर ओर दमोह के बीच खेला गया। दोनों ही टामों के शानदार प्रदर्शन के चलते कोई भी टीम इस मुकाबले को जीत नहीं सकी तथा अंततः मुकाबला ड्रॉ हो गया। पहले मुकाबले में अपनी-अपनी टीम के लिए 7-7 विकेट लेने वाले प्रखर और ध्रुव को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। डिस्ट्रिक्ट छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय चौरसिया ने बताया की आगामी 27 अक्टूबर से पूल-बी के मैच शुरू होना थे लेकिन सोमवार को बारिश के चलते पहले मुकाबले के पहले दिन का खेल नहीं हो सका। मंगलवार की सुबह छतरपुर और दमोह के बीच मुकबाले की शुरुआत हुई। छतरपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी टीम दमोह ने पहली पारी में ओजल यादव के 57 और शौर्य आठ्या के 17 रनों की मदद से 60 ओवर खेलकर 107 रन बनाए। पहली पारी में छतरपुर की ओर गेंदबाजी करते हुए प्रखर अग्निहोत्री ने 7 तथा पुष्पराज अनुरागी ने 2 विकेट झटके। पहली पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी छतरपुर टीम के युवराज चंदेल और राघव राय ने 21-21 तथा नमन पटैरिया ने 18 रन बनाए। शेष बल्लेबाज कुछ खास किए बगैर वापिस पवेलियन लौट गए। परिणामस्वरूप पूरी टीम 46 ओवर में 86 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। दूसरी पारी के 5 ओवरों में दमोह ने 2 विकेट गंवाकर 19 रन और बनाए, तब तक मुकाबले का समय समाप्त हो गया और मुकाबला ड्रॉ हो गया। डिस्ट्रिक्ट छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव राजीव बिल्थरे ने बताया कि इस मैच में छतरपुर की ओर से 7 विकेट लेने वाले प्रखर अग्निहोत्री और दमोह की ओर से 7 विकेट लेने वाले ध्रुव चौकसे को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच चुना गया। दोनों खिलाड़ियों को सागर डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विनय शुक्ला और डिस्ट्रिक्ट छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय चौरसिया ने उपहार स्वरूप चैक प्रदान किए। श्री बिल्थरे ने बताया कि 29 और 30 अक्टूबर को दमोह तथा निवाड़ी टीमों के बीच मुकाबला होगा जबकि 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को छतरपुर तथा निवाड़ी के बीच मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 3 से 5 नवंबर के मध्य होगा। उन्होंने छतरपुर के खेल प्रेमियों से मैदान पर उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने की अपील की है।

## पत्नी व ससुराल पर प्रताड़ना के आरोप, युवक ने एसपी कार्यालय में दी शिकायत



**छतरपुर।** छतरपुर के वार्ड नं. 8 (बेहर मुहल्ला) निवासी पुष्पेन्द्र कुशवाहा ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपनी पत्नी व उसके मायके वालों के खिलाफ कथित प्रताडना का आवेदन दिया है। प्रार्थी ने पत्र में आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उसकी पत्नी ने बार-बार मामूली विवादों पर मायके पक्ष को बुलाकर वापस चली जाना शुरू कर दिया, तथा मायके पक्ष के लोग उसके घर आकर गालियाँ देते और जान से मारने की धमकी देते हैं। पुष्पेन्द्र ने बताया कि उनकी शादी 2023 में नेहा कुशवाहा (आयु लगभग 25 वर्ष) से हुई थी। प्रारम्भ में जब सब ठीक था तो वे अपने माता-पिता से अलग होकर पति-पत्नी के रूप में रहे, परन्तु बाद में पत्नी के बार-बार मायके जाने व मायके पक्ष द्वारा उत्पीडन की घटनाओं से घरेलू जीवन प्रभावित हुआ। प्रार्थी का आरोप है कि दबाव के चलते उनकी पत्नी के पेट से दो-तीन बार गर्भपात भी हुए, जिसका दोष वे मायके पक्ष पर लगाते हैं। आवेदन में पुष्पेन्द्र ने एसपी से गुहार लगाई है कि उनकी पत्नी तथा मायके के उन सदस्यों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए जो धमकियाँ देते, गालियाँ देते तथा दहेज का मामला बनाकर परेशान करते हैं। साथ ही प्रार्थी ने अनुरोध किया है कि पत्नी को समझाइश देकर ससुराल में रहने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि वैवाहिक जीवन को पुनः सामान्य किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### मऊगंज कलेक्टर ने प्रदेश स्थापना दिवस समारोह के संबंध में दिए निर्देश



मऊगंज प्रदेश स्थापना दिवस आगामी एक नवम्बर को मनाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार ने कहा है कि एक नवम्बर को जिले भर में प्रदेश स्थापना दिवस मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजनों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम के लिए अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कलेक्टर ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर जिले की उपलब्धियों और उत्कृष्ट कार्यों तथा स्वसहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। जिला मुख्यालय के सभी शासकीय भवनों में एक नवम्बर की रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी तथा अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा शिक्षण संस्थानों में प्रदेश के गौरव और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कराकर विद्यार्थियों को स्थापना दिवस कार्यक्रम से जोड़ें। जिला शिक्षा अधिकारी जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति सुनिश्चित करें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जिले और प्रदेश के विकास कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करें। सभी अधिकारी प्रदेश स्थापना दिवस समारोह में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

### रोजगार मेला का 30 अक्टूबर को होगा आयोजन

**मऊगंज।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय शहीद केदारनाथ स्मृति महाविद्यालय मऊगंज में 30 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 25 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 14000 रुपए से 40 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में मिग्मा पैकट्रॉन प्रा.लि. इंदौर, बजाज आटोमोबाइल प्रा. लिमिटेड औरंगाबाद, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर, धार (म.प्र.), श्री राम पिस्टन एण्ड रिंग लि. पथरेडी राजस्थान, हायर अप्लीएन्सेस इंडिया लि. रंजनगांव पुणे, हायली आमधनी अप्लीएन्सेस लि. अहमदाबाद गुजरात, टाटा मोटर ऑटोमोबाइल कम्पनी अहमदाबाद गुजरात, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, एनजीएम पीजी भिवाड़ी राजस्थान, पीजी इलेक्ट्रो प्लांट इंडिया लि. पुणे, धूत ट्रान्समिशन औरंगाबाद, इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ स्कील्स डेव्लपमेन्ट गुजरात, संतारा कॉसमेटिक प्रा. लि. अहमदाबाद गुजरात, लेन्सकार्ट इंडिया बिलहरी राजस्थान, याजाकी इंडिया लि. हरियाणा, एमआरएफ लि. भारूच दहेज, आपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़, सिटी कार प्रा. लि. सतना, प्रगतिशील एग्रोटेक, प्रा.लि. रीवा, एच.डी.एफ.सी. लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमि. रीवा, इंडसिंड बैंक (बीएफएलएल), एक्सिस बैंक प्रा.लि., स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लिमिटेड भोपाल में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

### कलेक्टर 31 अक्टूबर को करेंगी पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा

**रीवा ।** कलेक्टर प्रतिभा पाल 31 अक्टूबर को पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे आरंभ होगी। बैठक में उप संचालक पशुपालन, पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक पशु चिकित्सक तथा मैत्री कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### मतैह तालाब को दस वर्ष की लीज पर दिया जायेगा

**रीवा ।** जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अन्तर्गत मतैह तालाब ग्राम पंचायत पतौता को दस वर्ष की लीज पर दिया जायेगा। लीज के इच्छुक व्यक्ति 15 दिवस के अंदर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन सीईओ कार्यालय जनपद रायपुर कर्चुलियान में किया जा सकता है।

# रोजगार मेले के लिए स्वीकृत प्रकरणों की तत्काल जानकारी दें - कमिश्नर

संभाग ई ऑफिस में प्रदेश में दूसरे स्थान पररीवा । कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की।

रीवा



कमिश्नर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के निराकरण की प्रगति संतोषजनक नहीं है। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों तथा सौ दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का विशेष प्रयास करके निराकरण करें। इसके लिए जिला और विकासखण्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन करें। प्रतिदिन शाम चार से पाँच बजे की अवधि में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें। प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके विभाग की ग्रेडिंग में सुधार करें, जिससे संभाग के सभी जिले ए ग्रेड में रहें। कमिश्नर ने कहा कि ई ऑफिस प्रणाली में रीवा संभाग फाइल मूवमेंट में प्रदेश में नर्मदापुरम संभाग के बाद दूसरे स्थान पर है। सभी अधिकारी ई ऑफिस के माध्यम से फाइलें भेजकर संभाग को प्रथम स्थान पर पहुंचाएं। ई ऑफिस के माध्यम से रीवा जिले में 26903 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। संभागीय अधिकारी जिलों में ई ऑफिस प्रणाली को अधीनस्थ कार्यालयों में लागू कराएं। इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करें। कमिश्नर ने कहा कि ई ऑफिस के माध्यम से सर्वाधिक 208 फाइलें संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा भेजी गई हैं। सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशु चिकित्सा सेवाएं, उद्योग विभाग, पीएचई तथा संयुक्त संचालक नगरीय निकाय भी पर्याप्त फाइलें भेजी गई हैं। सभी अधिकारी ई ऑफिस के माध्यम से ही फाइलों का मूवमेंट करें। कमिश्नर ने बैठक से बिना सूचना अनुपस्थित प्रभारी संयुक्त संचालक कृषि को नोटिस देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि रोजगार मेले में 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। विभागों द्वारा इस संबंध में की जा रही कार्यवाही मॉनीटरिंग के लिए गूगल शीट भेजी गई है। इसमें सभी अधिकारी और बैंक शाखा प्रबंधक हितग्राहियों की योजनावार जानकारी दर्ज कर दें। जिला स्तर पर बैठक करके बैंकों में लंबित स्वरोजगार प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। अग्रणी बैंक प्रबंधक इसके लिए आवश्यक तैयारियाँ कर लें। कमिश्नर ने कहा कि अधिक वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों का तत्काल सुधार कराएं। अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभागों से तीन दिवस में जानकारी लेकर सड़क सुधारकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। सड़कों में सुधार का कार्य प्राथमिकता से कराएं। सीधी-सिंगरौली हाइवे, ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें, बेला से सतना हाइवे तथा चित्रकूट मार्ग में तत्काल सुधार कराएं। बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण के निर्देश दिए। बैठक में खाद के भण्डारण तथा वितरण, धान उपार्जन की तैयारियों, आगामी फसल के लिए बीज वितरण की भी समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, उपायुक्त एलआर अहिरवार, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, प्रभारी वन मण्डलाधिकारी हितेश खण्डेलवाल, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण: नाम जोड़ने की ऑनलाइन प्रक्रिया अब और सुगम

**रीवा।** मध्यप्रदेश में आगामी चुनावों के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिक सुविधाओं को विस्तार दिया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार अब पात्र नागरिक घर बैठे ही ऑनलाइन माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित करवा सकते हैं। इस प्रक्रिया के तहत एक जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके अर्हता प्राप्त नागरिक सीधे वोटर्स सर्विस पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल पर सर्वप्रथम पंजीकरण (साइन-अप) करना अनिवार्य है, जिसके उपरांत नए मतदाता के पंजीकरण हेतु प्ररूप 6 ऑनलाइन उपलब्ध है। आवेदकों को फॉर्म 6 में समस्त व्यक्तिगत विवरण, जिसमें नाम, पते का पूर्ण विवरण, और जन्मतिथि शामिल है, सटीक रूप से भरना होगा। इस चरण में, अनिवार्य सहायक दस्तावेज़ों जैसे पासपोर्ट साइज़ फोटोग्राफ, वैध आयु प्रमाण और निवास प्रमाण की स्कैन की गई प्रतियाँ अपलोड करना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि आधार कार्ड जैसे दस्तावेज़ों का उपयोग पहचान और पते के प्रमाण के रूप में किया जा सकता है। सफल आवेदन जमा होने पर, आवेदक को एक विशिष्ट संदर्भ संख्या प्राप्त होगी। यह संख्या आवेदन की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक करने के लिए महत्वपूर्ण है। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि भले ही आवेदन ऑनलाइन जमा किया जाए, संबंधित क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी द्वारा भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया भी संपन्न की जाएगी, ताकि मतदाता सूची की शुद्धता और विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके। यह डिजिटल पहल मतदाता पंजीकरण को पारदर्शी, तीव्र और नागरिकों के लिए अत्यधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

### छात्र से मारपीट करने वाले शिक्षक की रूकी वेतनवृद्धि कलेक्टर ने अनुशासनहीन शिक्षक की रोकी वेतनवृद्धि

**रीवा ।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शासकीय उत्कृष्ट उमावि मार्तण्ड क्रमांक एक में पदस्थ शिक्षक विनय कुमार दुबे की एक वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के आदेश दिए हैं। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत की गई है। माध्यमिक शिक्षक दुबे द्वारा 9 अक्टूबर को स्कूल में प्रार्थना स्थल में लोवर पहनकर आने पर छात्र शिवांशु नामदेव के साथ मारपीट की और उसे स्कूल से भगा दिया। जाँच समिति द्वारा परीक्षण करने पर प्रथम दृष्टया श्री दुबे अनुशासनहीनता के दोषी पाए गए जिसके कारण उनके विरूद्ध वेतन रोकने की कार्यवाही की गई है।

## जनसुनवाई में 88 प्रकरणों में हुई सुनवाई

रीवा ।



प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय में 88 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों में कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर आर.के. सिन्हा एवं जी.पी. अग्रवाल ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में उमाशंकर द्विवेदी सेमरीकला निवासी ने नक्शा तरमीम व सीमांकन कराने, रामलखन सेन गुढ़वा ने नक्शा तरमीम कराने तथा प्रदीप कुमार नाई पातरी ने सीमांकन कराने का आवेदन प्रस्तुत किया। जिन्हें संबंधित एसडीएम को प्रेषित कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। इसी प्रकार अमाव अतरैला निवासी सत्यम मिश्रा एवं अमहिया रीवा निवासी हाजी अब्बास के अवैध कब्जा हटाने एवं मध्येपुर निवासी मुन्नू यादव के अवरूद्ध रास्ता को खोलने के आवेदन को संबंधित तहसीलदार को समाधान कार्यवाही करने के लिए प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में बाबूपुर के रामायण शुक्ला द्वारा सीमांकन पत्थर उखाड़कर अवैध कब्जा करने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर को तथा मझिगवां निवासी मिठाईलाल के बेदखल की साजिश करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के आवेदन को तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जबकि लालबहादुर निवासी बघेड़ी के प्रधानमंत्री आवास की राशि प्रदाय करने के आवेदन पर सीएमओ चाकघाट को कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मरीजों की जान जोखिम में नहीं डाली जा सकती : कलेक्टर

रीवा



रीवा में एक दर्जन से अधिक मेडिकल स्टोर सीलसिरमौर चौक, अस्पताल व संजय गांधी अस्पताल क्षेत्र में मेडिकल दुकानों में की गई कार्रवाई एक्सपायरी दवाइयां और फार्मासिस्ट की गैर-हाजिरी बनी वजह रीवा । मरीजों को सही दवाइयाँ मिलें और उनकी जान से कोई खिलवाड़ न हो, इस उद्देश्य से कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर जिले के मेडिकल स्टोर्स पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है। शासन के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले एक दर्जन से अधिक दवाई की दुकानों पर निरीक्षण दल ने कड़ा रुख अपनाया और कई मेडिकल स्टोर्स को सील कर दिया। यह कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए की गई कि मेडिकल स्टोर्स पर केवल चिकित्सकों द्वारा लिखी गई दवाइयाँ ही उपलब्ध हों और बिक्री के समय अनिवार्य रूप से फार्मासिस्ट मौजूद हो। विशेष रूप से, एक्सपायरी दवाइयों की बिक्री पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। गत दिवस कलेक्टर के निर्देश पर गठित निरीक्षण दलों ने सिरमौर चौक, अस्पताल चौक और संजय गांधी अस्पताल के सामने संचालित मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया। गंभीर अनियमितताएँ पाए जाने पर कई दुकानों को तत्काल सील कर दिया गया। निरीक्षण दल को शिवम मेडिकल स्टोर में फार्मासिस्ट और प्रोपराइटर अनुपस्थित मिले, क्रय-विक्रय का रिकॉर्ड भी अद्यतन नहीं मिला। इसी प्रकार अमित मेडिकल स्टोर, अवध मेडिकल स्टोर, विशाल मेडिकल स्टोर में क्रय-विक्रय रिकॉर्ड अद्यतन एवं संधारित नहीं थे। विशाल मेडिकल में फार्मासिस्ट भी अनुपस्थित पाया गया। अनंत मेडिकल स्टोर, ओम मेडिकल स्टोर, इंडियन फार्मेसी में प्रोपराइटर/फार्मासिस्ट की अनिवार्य उपस्थिति नहीं पाई गई। इंडियन फार्मेसी में लाइसेंस का प्रदर्शन भी नहीं किया गया था। निरीक्षण दल के समक्ष श्री मेडिकल स्टोर, मुकेश मेडिकल स्टोर एवं एजेंसी, शिव मेडिकल द्वारा लाइसेंस की प्रति प्रस्तुत नहीं की गई, मुकेश मेडिकल स्टोर का लाइसेंस नवीनीकृत नहीं था, और इन दुकानों पर एक्सपायरी दवाइयों का संग्रहण भी मिला, जो मरीजों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। निरीक्षण दल को राम मेडिकल, अभिषेक मेडिकल और कमल मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट की उपस्थिति तो मिली, लेकिन उनके रिकॉर्ड अद्यतन नहीं थे। इन तीनों को रिकॉर्ड तुरंत अपडेट करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण दल में एसडीएम, नायब तहसीलदार और ड्रग इंस्पेक्टर उपस्थित रहे। सील की गई दुकानों के विरुद्ध अब अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि दवाईयों के क्रय-विक्रय का रिकॉर्ड पूरी तरह से अपडेट रहे और फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य हो। यह अभियान सतत रूप से जारी रहेगा।



## तेज आवाज वाले बुलेट साइलेंसरों पर चला बुलडोजर, यातायात पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**रीवा।** शहर में ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले तेज आवाज वाले बुलेट साइलेंसरों पर रीवा यातायात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शहर के विभिन्न इलाकों में विशेष अभियान चलाकर पुलिस ने दर्जनों बुलेट मोटरसाइकिलों से गैरकानूनी साइलेंसर निकालकर जब्त किए। इसके बाद इन साइलेंसरों को बुलडोजर चलाकर नष्ट कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान ध्वनि प्रदूषण (नियंत्रण और विनियमन) नियम, 2000 के तहत संचालित किया गया। पुलिस का कहना है कि इस तरह के साइलेंसर न केवल कानून का उल्लंघन करते हैं, बल्कि शहर के वातावरण में अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण भी फैलाते हैं, जिससे आम नागरिकों को परेशानी होती है। यातायात विभाग के अनुसार कई युवा बुलेट मोटरसाइकिलों में तेज आवाज करने वाले थंडर या कटआउट साइलेंसर लगाकर सड़कों पर स्टंट करते हैं। यह न केवल सार्वजनिक शांति भंग करता है, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी खतरा बनता है। पुलिस ने साफ किया है कि ऐसे साइलेंसरों के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। जो वाहन चालक दोबारा इस तरह का संशोधित साइलेंसर लगाते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ जुर्माने के साथ वाहन जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी। रीवा यातायात पुलिस ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में कंपनी द्वारा निर्धारित मानक साइलेंसर का ही उपयोग करें। किसी भी प्रकार के संशोधित या अवैध साइलेंसर लगाने पर न केवल चालान कटेगा बल्कि वाहन जब्त भी किया जा सकता है।

## जिले भर में आयोजित किए जाएंगे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**रीवा ।** दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के उपचार, जटिल ऑपरेशन, गर्भवती महिलाओं के उपचार तथा थैलीसीमिया और हीमोफीलिया के उपचार के लिए रक्त की आवश्यकता होती है। जिले के ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध होने पर जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो जाता है। ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में रक्त की उपलब्धता के लिए जिले भर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाकर रक्त संचय किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक शिविर में कम से कम सौ यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक तथा धार्मिक संस्थाओं का सहयोग लिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जवा में 3 नवम्बर, सेमरिया में 7 नवम्बर, मनगवां में 17 नवम्बर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरमौर में 21 नवम्बर को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। सिविल अस्पताल मऊगंज में 28 नवम्बर, सिविल अस्पताल त्योंथर में 3 दिसम्बर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगेव में 9 दिसम्बर, गोविंदगढ़ में 16 दिसम्बर, चाकघाट में 23 दिसम्बर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हनुमना में 29 दिसम्बर को शिविर लगाया जाएगा। इन शिविरों में 18 से 50 वर्ष तक की आयु के स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान कर सकते हैं। आपके द्वारा किए गए रक्तदान से गंभीर रोगी को जीवनदान मिलेगा। शिविर में दिए गए रक्त की मात्रा की कुछ ही दिनों में शरीर में पूर्ति हो जाती है। नियमित अंतराल से रक्तदान करने पर ब्लडप्रेशर और कैंसर जैसे रोगों से बचाव भी होता है।

# रीवा एयरपोर्ट पर पहली बार उतरा यात्री विमान विंध्यवासियों को मिली ऐतिहासिक सौगात

### जबलपुर से ATR-72 विमान ने की सफल ट्रायल लैंडिंग, रीवा के पायलट कैप्टन राघव मिश्रा ने भरी उड़ान जल्द शुरू होगी नियमित हवाई सेवा

रीवा।



रीवा एयरपोर्ट के इतिहास में मंगलवार का दिन स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया। पहली बार रीवा की धरती पर यात्री विमान उतरा, जिसने विंध्य क्षेत्र के विकास की दिशा में नई उड़ान भर दी है। जबलपुर से उड़े ATR-72 यात्री विमान ने मंगलवार दोपहर रीवा एयरपोर्ट पर सफल ट्रायल लैंडिंग की। विमान के उतरते ही मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारी, एयरपोर्ट स्टाफ और स्थानीय लोग खुशी से झूम उठे।इस ऐतिहासिक पल को और खास बना दिया रीवा के ही बेटे कैप्टन राघव मिश्रा ने, जो इस विमान के पायलट थे। उन्होंने अपने ही गृह नगर की धरती पर विमान उतारकर पूरे विंध्य क्षेत्र को गर्व से भर दिया। विमान के रनवे पर उतरते ही उनका जोरदार स्वागत किया गया और एयरपोर्ट पर मौजूद लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से खुशी का इज़हार किया। रीवा शहर और आसपास के इलाकों में इस ऐतिहासिक लैंडिंग की चर्चा जोरों पर है। सोशल मीडिया पर लोग गर्व से कह रहे हैं अब विंध्य की उड़ान थमी नहीं रहेगी। स्थानीय नागरिकों ने सरकार और प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि हवाई सेवा शुरू होने से क्षेत्र का हर वर्ग लाभान्वित होगा। कैप्टन राघव मिश्रा ने लैंडिंग के बाद मीडिया से कहा अपने शहर की मिट्टी पर विमान उतारना मेरे जीवन का सबसे गर्वपूर्ण क्षण है। यह केवल मेरी नहीं, पूरे रीवा और विंध्य की उपलब्धि है।विंध्य के विकास में खुलेगा नया अध्यायइस सफल ट्रायल के साथ ही अब उम्मीदें तेज हो गई हैं कि रीवा जल्द ही हवाई नक्शे पर प्रमुख गंतव्य के रूप में जुड़ जाएगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की योजना के तहत अब यहां से जबलपुर, भोपाल, इंदौर और दिल्ली जैसे बड़े शहरों के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू करने की तैयारी चल रही है। इससे न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि व्यापार, पर्यटन और निवेश के नए अवसर भी खुलेंगे। स्थानीय प्रशासन और एयरपोर्ट प्राधिकरण ने ट्रायल लैंडिंग की सफलता को रीवा के विकास की नई उड़ान बताया है। बता दे सुरक्षा और तकनीकी जांच की औपचारिकताओं के बाद आने वाले कुछ हफ्तों में नियमित उड़ानों का संचालन शुरू किया जा सकता है।